मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 10/01/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 338/2025
10 जनवरी 2025
रांची
===================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में घायल बाघमारा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री पुरुषोत्तम कुमार सिंह के पिता श्री अशोक सिंह से वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर उनके इलाज से संबंधित ली पूरी जानकारी

====================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा - घायल एससीडीपीओ के परिवार के साथ सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है, इलाज में सरकार पूरा सहयोग करेगी, अगर जरूरत पड़े तो एयर लिफ्ट कर के बेहतर जगह भी भेजने के लिए सरकार तैयार

====================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा - राज्य सरकार किसी भी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध

===================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा- बाघमारा के मधुबन थाना क्षेत्र में हुई हिंसक झड़प की जांच के दे दिए गए हैं आदेश, जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा

===================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प के दौरान ड्यूटी पर तैनात बाघमारा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री पुरुषोत्तम कुमार सिंह के घायल होने की जानकारी प्राप्त होने पर उनके पिता श्री अशोक सिंह से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल

के माध्यम से बात कर उनके इलाज से संबंधित पूरी जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना_ की । _मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना को लेकर राज्य सरकार आपके परिवार के पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उनके इलाज को लेकर जो भी सहयोग की जरूरत होगी, राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी।अगर जरूरत पड़े तो एयर लिफ्ट कर के बेहतर जगह भी भेजने के लिए सरकार तैयार है। सरकार हॉस्पिटल के मैनेजमेंट से बात भी करेगी।

अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। कर्तव्य निर्वहन के दौरान सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने तथा सरकारी कर्मियों के साथ होने वाली किसी भी तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाघमारा के मधुबन थाना क्षेत्र में हुई इस हिंसक झड़प को लेकर जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

###

==================

TeamPRD(CMO)